


नवभारत
इंदौर, रविवार, 15 मार्च 2026
10


## एक नजर में

### आरटीओ ने किया पांच स्कूल के 40 वाहनों की जांच

**मंदसौर।** आरटीओ अधिकारी मंदसौर ने बताया कि आरटीओ मंदसौर द्वारा 5 स्कूल वात्सल्य पब्लिक स्कूल, शिशुवन स्कूल, दशपुर विद्यालय, लोटस वैली स्कूल, करणी इंटरनेशनल स्कूल में औचक निरीक्षण कर लगभग 40 वाहनों की जांच की गई है। सभी स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी स्कूल वाहन परिवहन विभाग के मापदण्ड के अनुसार फिट तथा संपूर्ण दस्तावेज पूर्ण होने पर व चालकों का पुलिस सत्यापन कराने के पश्चात ही वाहनों को संचालित करें।

### राष्ट्र और सनातन जागरण पर परिचर्चा आज

**मन्दसौर।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद द्वारा 'चट्टान एवम् रेत के कण' विषय पर परिचर्चा दिनांक 15 मार्च 2026, रविवार को प्रात: ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर पर रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।

### आचार्य चयन परीक्षा के द्वितीय चरण साक्षात्कार का आयोजन

**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर पर विद्या भारती की योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले आचार्य चयन परीक्षा के द्वितीय चरण साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समिति परिवार द्वारा लिखित परीक्षा में चयनित परीक्षार्थियों का डेमो व उनके विषय ज्ञान के आधार पर साक्षात्कार लिया गया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति सचिव अशोक पारिख, समिति सहसचिव व सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल, समिति सदस्या श्रीमती वर्तिका पारिक, प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ उपस्थित रहे।

### मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा भेजने की मांग

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा भेजने की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर आग्रह किया गया है। पत्र में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महंत एन.डी. वैष्णव, महामंत्री कार्यालय प्रभारी सुरेश शर्मा और जिला महामंत्री बाबूलाल भीरमा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन मंदसौर, मालवा और मध्यप्रदेश की महिलाओं का गौरव हैं। वर्तमान में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तथा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष और तेलंगाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्हें राज्यसभा भेजने से मंदसौर जिले सहित मालवा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन लंबे समय से पार्टी में सक्रिय रहते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। वे गांधीवादी विचारधारा की समर्थक, प्रखर एवं संतुलित वक्ता होने के साथ ही अपनी ईमानदारी, सादगी और कांग्रेस के प्रति निष्ठा के लिए जानी जाती हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक अनुभव राज्यसभा में मध्यप्रदेश तथा महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत करेगा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र में कहा कि मंदसौर, मालवा और प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं की भी इच्छा है कि मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा में पहुंचकर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करें और कांग्रेस की विचारधारा को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती से प्रस्तुत करें।

### समाज के लिए आदर्श थे स्व. कैलाश सैनी

**मंदसौर।** संयुक्त माली समाज ने समाज के आदर्श कैलाश सैनी के स्वर्गवास होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजजनों ने कहा कि जीवन सत्य और मृत्यु सत्य है नियति की नियत पर हमें कोई संदेह नहीं है लेकिन दुख अवश्य है। नियति के न्यायालय में केवल परमपिता परमात्मा द्वारा बनाए गए नियम चलते हैं वहां इस पांच तत्व से बने शरीर का कोई मोल नहीं होता वहां प्रेम स्नेह वेदना की कोई परवाह नहीं की जाती ना किसी की अपील स्वीकार की जाती है उसकी नियति के आगे हम सभी नतमस्तक हैं। आज नियति के एक फैसले ने सैनी परिवार से एवं माली समाज से एक आदर्श व्यक्तित्व को हमारी आंखों से ओझल कर दिया है यह एक वज्रपात है जिसे भारी मन से स्वीकार करना हम सब की मजबूरी है। दुख की इस घड़ी में आपके परिवार के प्रति स्नेह रखने वाले स्नेही जन एवं समाज जन दुखी एवं शोक संतृप्त है हम सभी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वह दिव्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। संयुक्त माली समाज के संस्थापक फकीरचंद सैनी दया मंदिर बाबूलाल राठौर प्रदीप भाटी गोपाल जी कनवासिया कन्हैयालाल नैनवा कोमल चंदोलिया घीसालाल गहलोत मोहनलाल गहलोत नंदराम उनियारा पूर्व चोखला अध्यक्ष मांगीलाल चुनरिया सुंदरलाल गहलोत गिरवर लाल माली शांतिलाल देवड़ा निरंजन चंदेल ओम प्रकाश सैनी इंजीनियर, डॉ. भैरूलाल राठौड़ दीपक पटेल रक्षा प्रभु लाल महावर शिव प्रकाश रावलिया किशोर गहलोत कैंटीन प्रकाश चंदेल दिनेश परमार डि एल लिलोरिया वरिष्ठ अभिभाषा ऊकार लाल मोरी बद्री लाल मोरी चंपालाल लिलोरिया शेषनारायण माली रमेश चंद लिलोरिया रघुनाथ माली अशोक सैनी एमपीईबी नरेंद्र सैनी ओम प्रकाश सैनी एवं मोहनलाल गहलोत बसेर कॉलोनी आदि लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज के लिए और अपूर्णिया क्षति है।

### गाली-गलौज के आरोपों के बीच मोड़ ब्राह्मण समाज का नेतृत्व, सदस्यों ने उठाए सवाल

**मंदसौर।** शहर की मोड़ ब्राह्मण समाज संस्था के नेतृत्व को लेकर विवाद सामने आया है। समाज के कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया है कि स्वयंभू अध्यक्ष संजय त्रिवेदी पर फोन पर अभद्र भाषा और गाली-गलौज करने के आरोप लगे हों, ऐसे व्यक्ति के पास समाज का नेतृत्व कैसे रह सकता है? समाज के सदस्य ब्रजेश शर्मा का कहना है कि उन्होंने इस मामले में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ थाने सहित विभिन्न विभागों में शिकायत भी दी है तथा कॉल रिकॉर्डिंग सहित अन्य साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। उनका आरोप है कि समाज में बिना विधिसम्मत चुनाव के ही कुछ लोग स्वयं को पदाधिकारी बताते हुए कार्य कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में जांच की मांग करते हुए रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी को भी आवेदन भेजा है।

### टेट परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर अपाक्स ने दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** अपाक्स संगठन द्वारा आज टेट परीक्षा निरस्त के संबंध में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि 2009 शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कार्यरत शासकीय शिक्षकों को 2 वर्ष के अंदर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य इस हेतु लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के द्वारा दिनांक 2 मार्च 2026 को सूचना पत्र जारी किया गया कि यदि यह शिक्षक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं तो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर दी जाएगी। संगठन या मांग करता है कि इस आदेश को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दायर कर मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के हित में न्याय करे ताकि शिक्षक मानसिक तनाव में ना रहे एवं अपने कार्य को सही अंजाम दे। इस अवसर पर अपाक्स संगठन के प्रांतीय संयुक्त सचिव चेतन दास गनछेड़ नेतृत्व में जिला अध्यक्ष घासीलाल जोगचन्द, रघुवीर मालवीय, गणेशराम आर्य, विपिन चरेड, प्रदीप हिंदल, गरोठ राजेश नडीया, गोवर्धन परमार, नवीन व्यास, गुप्ता, देवड़ा आदि पदाधिकारीयों ने उपस्थित होकर ज्ञापन दिया गया।

### सकल लखेरा पंच रामपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन आज, समाजजनों में उत्साह

**रामपुरा।** सकल लखेरा पंच रामपुरा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 15 मार्च को स्थानीय लखेरा समाज मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन करना है। गौरतलब है कि पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए समस्त समाज बंधुओं की सहमति से लोकतांत्रिक तरीके से नई टीम चुनने का निर्णय लिया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 बजे भगवान की आरती के साथ होगी। इसके पश्चात प्रात: 11:00 बजे पुरानी कार्यकारिणी द्वारा विगत कार्यकाल के आय-व्यय का पूर्ण ब्यौरा (हिसाब-किताब) प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। बैठक के समापन के पश्चात समस्त समाजजनों के लिए स्वरुचि भोज का आयोजन रखा गया है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में लीलाकृष्ण सोलंकी (रामपुरा) एवं राजेश बागड़ी (जीरन) को नियुक्त किया गया है।

# हिंदू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 की शुरुआत 19 मार्च से

- इस बार नवसंवत्सर का राजा बृहस्पति और नाम होगा रौद्र, मंत्री रहेंगे मंगल
- गुरु-बृहस्पति से सोना-चांदी में उतार चढ़ाव, वर्षा अच्छी होगी

**नीमच। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। यह नव संवत्सर का नाम रौद्र कहलाएगा। इसके राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे। ब्रह्मांडीय मंत्रिमंडल में परिवर्तन होगा। बृहस्पति के कारण सोने-चांदी के भावों में भारी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। रौद्र संवत्सर को उग्र, परिवर्तनशील और तीव्र प्रभाव देने वाला माना है। वर्षभर प्राकृतिक घटनाओं में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। कहीं अत्यधिक तो कहीं अल्प वर्षा, भूकंप और आंधी-तूफान जैसी घटनाएं संभव हैं। वातावरण में उष्णता बनी रह सकती है।**

पं. शैलेन्द्र उपाध्याय के मुताबिक ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सृष्टि का आरंभ माना है। ज्योतिष शास्त्र एवं पंचांग की गणना के अनुसार इस बार गुरुवार के दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है। इस दृष्टि से गुरुवार के दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा होने से वर्ष के राजा बृहस्पति होंगे। नवग्रह में बृहस्पति को गुरु पद की संज्ञा दी है और वर्तमान में बृहस्पति मिथुन राशि में गोचरस्थ है। अमावस्या के बाद प्रतिपदा को गुरुवार होना भारत सहित मध्यप्रदेश के लिए अनुकूल रहेगा। हालांकि आंतरिक संयोजन के संबंध में चिंतन की आवश्यकता रहेगी।



**कृषि के साथ धन-धान्य का होगा भंडारण:** पं. शैलेन्द्र उपाध्याय के मुताबिक ग्रहों की दृष्टि संबंध से समय पर दृष्टि एवं कृषि का संबंध अनुकूल रहेगा। हालांकि समय-समय पर कहीं-कहीं अस्थिरता की स्थिति बन सकती है। फिर भी परिणाम में अनुकूलता का योग है। वर्ष के आरंभ में मीन लग्न में सूर्य, चंद्र, शुक्र, शनि इन चार ग्रहों के साथ ही बृहस्पति के वर्गोत्तम एवं केंद्र योग में प्रबल भूमिका होने से प्राचीन वैभव पुन: प्राप्त होने के साथ-साथ आमजन मानस में धर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। साथ ही परम सत्ता का अनुभव आम जनमानस कर सकेंगे।

**मंत्री मंगल होने से रोग बढने के आसार:** पं. शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया राजा बृहस्पति होने से प्रभावों की तीव्रता सीमित रहेगी और सामाजिक संतुलन बना रहेगा। मंत्री मंगल होने से अपराध और रोगों में वृद्धि संभव है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में रहेगी। बृहस्पति के प्रभाव से कृषि, दुग्ध उत्पाद और खाद्यान्न उत्पादन बेहतर रहने के योग हैं। कृषि, राजनीति और महंगाई-कृषि क्षेत्र में मिला-जुला प्रभाव रहने की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में अच्छी फसल, तो कुछ स्थानों पर फसल हानि हो सकती है। जब राजा गुरु हो तो उस वर्ष पृथ्वी लोक पर अच्छी वर्षा की संभावना रहती है।

> **मीन लग्न में शुरू होगा हिंदू संवत्सर, लग्न का अधिपति भी बृहस्पति**
>
> पं. शैलेन्द्र उपाध्याय के अनुसार ज्योतिष के गणितीय पक्ष में सूर्य का उदय और वर्ष का लग्न किस क्रम से शुरू हो रहा है, इस पर विशेष ध्यान दिया है। यदि यह अनुकूल परिस्थितियों में है तो वर्ष पर्यंत सकारात्मकता, उन्नति, सुख, शांति, समृद्धि आदि की प्राप्ति होती है। इस क्रम में सौम्य लग्न की स्थिति अनुकूल रहती है। संयोग से बृहस्पति का वार बृहस्पति का लग्न और बृहस्पति की पांचवीं, सातवीं, नौवीं दृष्टि सहयोग के साथ सकारात्मकता दर्शा रही है। मीन लग्न में होने वाली वर्ष की शुरुआत बृहस्पति के केंद्रीय योग को भी स्पष्ट कर रही है। इस दृष्टि से धर्म अध्यात्म के साथ भारत की स्थिति मजबूत होगी।

## चेटीचंड महोत्सव : स्वास्थ्य और स्वाध्याय का संगम सिंधु सेना महिला संगठन का प्रेरक कार्यक्रम

**नीमच।** पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधु सेना महिला संगठन द्वारा महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मनिर्भरता और स्वाध्याय के माध्यम से सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भागेश्वर महादेव परिसर में स्वाध्याय एवं एक्यूप्रेशर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4:00 बजे भगवान झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा, संस्कार और स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ बंसीलाल परिहार ने एक्यूप्रेशर के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देते हुए कई महिलाओं के दर्द में पॉइंट दबाकर तत्काल राहत प्रदान की। इसके पश्चात मोनिका रामनानी ने स्वाध्याय पर उद्बोधन देते हुए दिनचर्या, संतुलित आहार, योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के उपाय बताए।



सिंधु सेना महिला संगठन की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रेमाणी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। सहसचिव तृप्ति पुरोहित ने संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कार आधारित कार्यों पर प्रकाश डाला। पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मनोहर अर्जनानी ने महिलाओं को अपने कार्य स्वयं करने, सक्रिय जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ईश्वर आहूजा, महासचिव महेश वरधर्नी, राजकुमार मंगवानी, चिंटू लोहाना, सिंधु सेना महिला संगठन की संरक्षक पूनम रोहिडा, शोभना रोहिडा सहित सिंधी समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला संगठन की पदाधिकारी पूजा केवलानी, आकांक्षा तलरेजा, मधु केवलानी, रीना रामनानी, दिव्या लालवानी, कौशल्या केसवानी, ज्योति लालवानी, पायल लालवानी, रेखा अंदानी और स्नेहा तलरेजा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हिना गोविंदा ने किया तथा आभार सिमरन गोविंददानी ने व्यक्त किया।

## सडक निर्माण हो, पर जानलेवा नहीं : डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा

**नीमच।** जिला योजना समिति के पूर्व सदस्य डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि नीमच सिंगोली मार्ग और भाटखेडा से जावद फन्टे तक का मार्ग बन रहा है वह स्वागत योग्य है। निर्माण कार्य में थोडी बहुत परेशानी आती है, यह तो समझ में आता है परन्तु अव्यवस्थित निर्माण और ठेकेदार की लापरवाही जानलेवा बन जाए तो इसके बारे में जिला प्रशासन को गंभीरता से अपनी सक्रिय कार्यवाही करना चाहिए। जब कोई सडक बनती है और उसके अतिरिक्त आवागमन का दूसरा सुगम मार्ग न हो तो सडक को पहले एक तरफ से पूरी बनाकर फिर दूसरी तरफ से बनाया जाना चाहिए ताकि ट्रैफिक बाधित न हो और राहगीरों को परेशानी भी कम हो।

सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदारों ने पूरी सडक खोद दी है और जहां गिट्टी बिछाई है वह इस तरह की चारपहिया भारी वाहन तो जैसे तैसे निकल रहे हैं परन्तु दोपहिया वाहन वालों के लिये यह जानलेवा साबित हो रहा है। इन पर रात्रिकाल में रेडियम संकेतक नहीं लगाए, जिससे पता चले कि यहां से मार्ग बदलना है। पिछले दिनों इन दोनों मार्गों पर गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं पर जनप्रतिनिधि अपनी रटी-रटाई चिंता व्यक्त कर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। दूसरी तरफ जिला प्रशासन तो इस तरह उदासीन बना हुआ है जैसे उन्हें इससे कोई लेना देना ही नहीं है। जबकि सरकार की योजनाओं के सही क्रियान्वयन की पूरी जवाबदारी जिला प्रशासन की है। इन मार्गों से निकलना मतलब सर्कस में मौत के कुएं से निकलता है। धूल इतनी उडती है कि लगता है कि खदान में से निकलकर आ रहे हैं। गांवों में नालियों से कई घरों में जाने के रास्ते बंद हो गए हैं।

## दो घंटे जटिल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने बचाई जान...



**नीमच।** जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से एक महिला को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया है। झाबुआ की रहने वाली गेंदाबाई को 'रप्चरड इक्टोपिक प्रेगनेंसी' जैसी जानलेवा स्थिति में अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जोखिम उठाकर उनका सफल ऑपरेशन किया।

गेंदाबाई राजस्थान के कनेरा में मजदूरी करने आई थीं, तभी उनके पेट में दर्द उठा। नीमच जिला अस्पताल में भर्ती करने पर पता चला कि भ्रूण गर्भाशय के बाहर नली में ही फट गया था, जिससे उनके पूरे पेट में खून फैल गया था। उनका ब्लड लेवल गिरकर सिर्फ 2 पॉइंट रह गया था और बीपी भी खतरनाक स्तर तक कम हो गया था।

**रास्ते में जान जाने का था खतरा:** डॉ. लाड धाकड़ ने बताया कि मरीज की हालत ऐसी नहीं थी कि उन्हें कहीं और रैफर किया जा सके। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत फैसला लिया और करीब दो घंटे तक जटिल ऑपरेशन चला। इस दौरान महिला को 4 बोतल खून और 6 बोतल प्लाज्मा चढ़ाया गया। इस सफल ऑपरेशन में डॉ. लाड धाकड़ के साथ डॉ. रुखसिन खान, डॉ. दिनेश, डॉ. कुणाल और नर्सिंग स्टाफ की मुख्य भूमिका रही।

**मिला नया जीवन:** ऑपरेशन के बाद महिला को वेंटिलेटर और आईसीयू में रखा गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। गेंदाबाई और उनके परिवार ने डॉक्टर का आभार जताते हुए इसे 'नया जीवन' मिलना बताया है। स्वस्थ होने के बाद महिला को आज शाम अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

## सरपंच पर मारपीट का आरोप, गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग



**गरोठ।** बरखेड़ा लोया गांव में कथित मारपीट की घटना को लेकर सेन समाज में आक्रोश देखा गया। समाजजन नारेबाजी करते हुए गरोठ थाने पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विगत दिनों बरखेड़ा लोया के सरपंच सत्यनारायण पाटीदार, उनके पुत्र पंकज पाटीदार तथा अन्य साथियों ने कथित रूप से रोहित सेन के साथ मारपीट की। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

समाजजनों के अनुसार मेडिकल जांच में रोहित सेन की नाक की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। समाज प्रतिनिधियों का कहना है कि यह केवल मारपीट का मामला नहीं बल्कि दबंगई और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। उनका आरोप है कि सरपंच लंबे समय से गांव में मनमानी कर रहा है और विरोध करने वालों को धमकाने या मारपीट कर दबाने की कोशिश करता है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपी सरपंच सत्यनारायण पाटीदार, उनके पुत्र पंकज पाटीदार तथा अन्य साथियों के खिलाफ धारा 307 सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग भी की गई। समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो सेन समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार भाटिया, जिला युवा सेन समाज अध्यक्ष संजय सेन चौहान, सतीश गुजराती, मोतीलाल सेन, जगदीश सोलंकी, दिनेश छालीवाल, फूलचंद देवड़ा, संजय सिसोदिया, महेश भाटी, रामलाल सेन, जगदीश सेन, ईश्वरलाल सेन, राजू सोलंकी, जितेंद्र गहलोत, डॉ. राकेश भाटी, भेरूलाल सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## हांसपुर की ओर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर तीसरी बार मौके पर पहुंचकर किया सीमांकन

**मनासा।** नगर के रामपुरा रोड स्थित टीवीएस शोरूम के पास से गांव हांसपुर की ओर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को राजस्व विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने तीसरी बार मौके पर पहुंचकर सीमांकन किया। जांच के दौरान मार्ग की शासकीय भूमि पर कालोनाइजरों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण पाए जाने का मामला सामने आया।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद कार्यालय के सामने टीवीएस शोरूम के पास से हांसपुर की ओर जाने वाला यह सार्वजनिक मार्ग पहले लगभग 40 फीट चौड़ा था, लेकिन वर्तमान में अतिक्रमण के कारण इसकी चौड़ाई घटकर महज 5 से 7 फीट रह गई। मार्ग पर कंटीली झाड़ियां और आसपास की कॉलोनियों से निकलने वाला गंदा पानी जमा होने के कारण रास्ता बंद हो गया था, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा था। इस संबंध में भाजपा नेता प्रद्युम्न मारू द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। वहीं एक बार फिर जांच दल ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन किया। इस दौरान आरआई कुलदीप डामोर, कस्बा पटवारी मुकेश पाटीदार, नगर परिषद इंजीनियर रविश कादरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जांच के दौरान शासकीय मार्ग पर कुछ कालोनाइजरों द्वारा अवैध कब्जे के मामले सामने आए। बाहेती कॉलोनी में करीब 30 फीट तक सीसी रोड बनाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे टीम ने चिन्हित कर तोड़ने की कार्रवाई की बात कही है। वहीं डॉ. स्वप्निल वधवा के कॉम्प्लेक्स में दो दुकानें और पीछे की गैलरी अवैध पाई गईं। निर्माण को हटाने के लिए स्वयं डॉ. वधवा ने अनुमति दी।



> **-कार्रवाई करेंगे...**
>
> राजस्व व नप की टीम द्वारा मनासा हांसपुर मार्ग का सीमांकन किया जा रहा है। सीमांकन के दौरान धनोतिया कॉलोनी में अवैध सड़क निर्माण की जानकारी सामने आई है। मामले में संबंधित कालोनाईजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> - डॉ. सीमा तिवारी-नप अध्यक्ष मनासा

**एक नजर** | **कॉलेज के छात्रों ने ग्रामीणों को किया जागरूक**

## उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम बरखेड़ा पंथ में पानी की गुणवत्ता की जांच

**पिपलियामण्डी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी द्वारा संचालित उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा पंथ में ग्राम पंचायत स्तर पर एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता की जांच करना तथा विद्यार्थियों और ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान की प्रभारी प्रोफेसर निशा जटिया के मार्गदर्शन में ग्राम प्रभारी प्रोफेसर गोविन्द तंवर ने बताया इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने गांव के प्रमुख जल स्त्रोतों, कुएं, हैंडपंप तथा शुद्धिकरण यंत्र (आर.ओ.) से प्राप्त पानी की वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से जांच की। जांच के दौरान कुल घुलित ठोस पदार्थ (टी.डी.एस.), विद्युत चालकता (ई.सी.), तापमान तथा अम्ल-क्षार मान (पीएच) की जांच की गई। जांच में प्राप्त परिणामों के अनुसार कुएं के पानी में कुल घुलित ठोस पदार्थ 566, हैंडपंप के पानी में 485 तथा शुद्धिकरण यंत्र (आर.ओ.) के पानी में 71 पाया गया। इसी प्रकार विद्युत चालकता, तापमान तथा अम्ल-क्षार मान के भी आंकड़े दर्ज किए गए। परीक्षण के आधार पर यह पाया गया कि शुद्धिकरण यंत्र से प्राप्त पानी पीने के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित और उपयुक्त है, जबकि कुएं और हैंडपंप के पानी में घुलित ठोस पदार्थों की मात्रा अधिक पाई गई। जागरूकता चौपाल के दौरान प्रोफेसर आर. एस. कटारा ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, पानी को सुरक्षित तरीके से संग्रहित करने और उपयोग करने तथा जलजनित बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्वच्छ पानी के उपयोग से कई प्रकार की बीमारियां फैल सकती हैं, इसलिए पेयजल के स्त्रोतों की साफ-सफाई बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की वैज्ञानिक जांच और जागरूकता कार्यक्रम गांव के लोगों के लिए बहुत उपयोगी हैं। ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छ पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। गोविन्द तंवर ने बताया कि उन्नत भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के समग्र विकास में योगदान देना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जहां विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है, वहीं ग्रामीणों को भी स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। महाविद्यालय के डॉ. कन्हैयालाल लोहार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने भविष्य में भी ग्राम स्तर पर इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने की बात कही, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिल सके।